卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

•वर्ष 23 •अंक 339 •पृष्ठ 8 •रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) •शनिवार •16 सितम्बर 2023 •मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बारामूला में दो आतंकी ढेर

बारामूला (उद ब्यूरो)।जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों के एनकाउंटर में सुबह से सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर की संयुक्त टीम इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन चला रही है। सुरक्षाबलों ने यह एनकाउंटर शनिवार सुबह ही शुरू किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से बताया गया था कि भारतीय सेना और बारामूला पुलिस की उरी, हथलंगा इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है। कश्मीर जोन पुलिस की ओर से बताया गया था कि सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को घेर लिया था। सुरक्षा बलों ने दोनों को



ढेर कर दिया। इसके अलावा अनंतनाग जिले के कोकरनाग में भी आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ चौथे दिन भी जारी है। पहाड़ी इलाके के जंगलों में छिपे आतंकवादियों के खात्मे के लिए हेलीकॉप्टर और ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। कश्मीर जोन के एडीजीपी ने कहा कि यहां 2-3 आतंकी फंसे हुए हैं और उन सभी को मार गिराया जाएगा। ऑपरेशन के दौरान आतंकियों के छिपने के ठिकाने को सुरक्षाबलों ने बमबारी कर ध्वस्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों का ऑपरेशन अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है और सेना आज यहां बमबारी भीकर सकती है। जानकारी के (शेष पृष्ठ सात पर)

## अवैध दस दुकानों पर गरजी जेसीबी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर के मुख्य चौराहे पर जिला पंचायत की जमीन पर बनी अवैध 10 दुकानों पर प्रशासन ने बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दी। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहीं। नगर के मुख्य चौराहे पर जिला पंचायत की भूमि पर बनी अवैध दस दुकानों को प्रशासन ने



जेसीबी चला कर ध्वस्त कर दी। जिले के उच्च अधिकारी के निर्देश पर कई पुलिस कर्मी एवं प्रशासनिक आधिकारिक भारी तादाद में पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)




## भाजपाईयों ने सीओ और कोतवाल को घेरा

किच्छा(उद संवाददाता)। ग्राम लालपुर निवासी भाजपा कार्यकर्ता धीरज सिंह पुत्र शंभू सिंह पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने के खिलाफ विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली में आकर क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा, कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार का सांकेतिक घेराव किया।



भाजपा नेताओं ने कहा कि धीरज कुमार को फर्जी मुकदमे में फसाया जा रहा है। बगैर जांच किए हुए मुकदमा दर्ज ना किया जाए। कोतवाली प्रभारी को दी गई तहरीर में धीरज कुमार ने कहा कि ग्राम लालपुर पूर्व में ग्राम सभा थी जो कि वर्तमान में नगर पंचायत बन गई है ।गांव के ही रहने वाले राजेश मुंजाल उर्फ गोल्डी नगर पंचायत का चुनाव लड़ना चाहते हैं और वह भी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है । चुनाव में रोकने के लिए राजेश कुमार मुंजाल उर्फ गोल्डी झूठे मुकदमे फसा रहा है ।उसने झूठी शिकायत कर रखी है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश शर्मा से कहा कि जांच करने के उपरांत ही मुकदमा दर्ज किया जाए।

## धूमधाम से मना मुख्यमंत्री धामी का जन्म दिन

गदरपुर/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का 48वां जन्मदिन भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। प्रात: 9बजे से शिव पार्वती मंदिर आवास विकास में हवन यज्ञ का किया गया। इसके बाद 10बजे शिव पार्वती मंदिर के सामने पौधारोपण किया गया और सुबह 11बजे थाने के सामने लंगर वितरण हुआ। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में पूरा





प्रदेश विकास की राह पर चल पड़ा है। धामी ने सदैव भारत की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए भाजपा को मजबूत करने का काम किया है। धामी ने प्रदेश में विकास का रोल मॉडल प्रस्तुत किया है फोरलेन सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं इससे आम जनजीवन और शहरी जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। इस दौरान सुरेश खुराना, लवली हुड़िया, अभिषेक वर्मा,मुनी भुसरी, सुभाष गुंबर,अशोक हुरिया,कपिल कुमार,सतीश छाबड़ा, मिन्नी गुंबर,राजकुमार मिगलानी, राकेश भुसरी, कुनाल रस्तोगी,रमन छाबड़ा,गुलशन शर्मा,अनिल जेटली, संजय चौधरी,रविंद्र सिंह,ज्योति राज, सुभाष खुराना ,विजय अरोरा,विपिन गुप्ता, अश्वनी कुमार,मीनाक्षी, रवि,हैप्पी चंद्रा,हरीश रल्हन सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**रूद्रपुर**-मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर आज वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने कार्यकर्ताओं के साथ कुष्ठ आश्रम में पहुंचकर वहां सभी (शेष पृष्ठ सात पर)



## रामनगर में युवक का शव मिलने से सनसनी

रामनगर (उद संवाददाता) ।रामनगर हल्द्वानी मार्ग पर बेलगढ़ वन चौकी के समीप



युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह शहर के समीप युवक का शव मिलने सूचना वहां से मॉर्निंग वॉक पर गुजर रहे कुछ लोगों ने पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू किया। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि उक्त इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले (शेष पृष्ठ सात पर)

पीपलपानी/तेरहवीं



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी श्री कुन्दन शाह जी (वरिष्ठ पत्रकार) का आकस्मिक निधन दिनांक 7 सितम्बर 2023 को हो गया है, उनकी आत्मिक शांति के लिए पीपलपानी/तेरहवीं दिनांक 18 सितम्बर दिन सोमवार को दोपहर 1 से 2 बजे तक द्रोणा सागर तीर्थ, काशीपुर में होगी।

-शोकाकुल-
अल्पना देवी (पुत्री)
जगदीश चन्द्र- समाचार सम्पादक उत्तरांचल दर्पण (दामाद)
एवं अमर उजाला परिवार, काशीपुर

ब्रह्मभोज

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना है कि हमारे पूज्यनीया माताजी **श्रीमती रमावती देवी** का स्वर्गवास दिनांक 6 सितम्बर 2023 दिन बुधवार को हो गया है जिनकी आत्मिक शान्ति हेतु- दिनांक **18 सितम्बर 2023, दिन सोमवार** को दिन में 2 बजे से हमारे निवास स्थान दरियानगर (पार्क में) वार्ड नं0 37, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड में होगी। स्वर्गवासी आत्मा की शान्ति हेतु पधारने की कृपा करें।

शोकाकुल परिवार
नन्दलाल शर्मा, विपिन शर्मा (पुत्रगण)
विनोद शर्मा,जिरजोधन शर्मा,अजय शर्मा,आदित्य शर्मा (भतीजा)
एवं समस्त शर्मा परिवार, मोबाईल : 7983580678

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदन्त्योप्रो, न शेषयति मारुत: ।।

रस्म पगड़ी एवं अन्तिम अरदास



अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माता जी **स्व0 श्रीमती सत्या रानी पत्नी स्व.श्री रोशन लाल श्रीधर** स्वर्गवास दिनांक 14/09/2023 दिन बृहस्पतिवार हो गया था जिनकी आत्मिक शान्ति के लिए **''रस्म पगड़ी एवं अन्तिम अरदास''** दिनांक **17/09/2023 दिन रविवार** को दोपहर 2 से 3 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर (पाँच मंदिर)रुद्रपुर में सम्पन्न होगी।

**फर्म:**
बद्रीनाथ एण्ड सन्स
(पेट्रोल पम्प, दिल्ली)
शू एण्ड स्टाईल
श्री सांई प्लाईवुड
होटल गुड टाइम्स

**दुखित हृदय:**
गुलचू दीवान-पूजा दीवान
मुकेश श्रीधर-ज्योति श्रीधर
बब्लू श्रीधर- गिन्नी श्रीधर
राकेश श्रीधर-पूनम श्रीधर
राहुल श्रीधर नेहा श्रीधर
एवं समस्त श्रीधर परिवार

# डेंगू पीड़ित मरीजों का नि:शुल्क करायें ईलाज: धन सिंह

## 17 सितम्बर को राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने डेंगू की रोकथाम तथा आयुष्मान भव: कार्यक्रम के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में विस्तार से समीक्षा की। डॉ.रावत ने स्पष्ट निर्देश दिये कि डेंगू से पीड़ित गंभीर मरीजों को ईलाज आयुष्मान योजनान्तर्गत मुफ्त कराया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि कोई भी दिक्कत हो तो समय रहते जरूर बता दें ताकि उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर को 6 माह के भीतर 30 चिकित्सक और मिलने वाले हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि डेंगू की रोकथाम हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाया जाये और सोर्स रिडक्शन पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी फोगिंग कराने के निर्देश पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू की रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यों की गहनता से निगरानी करने के निर्देश भी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को हैल्पलाइन नम्बर जारी करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने डेंगू आईसोलेशन वार्ड, दवाईयों आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। डॉ.रावत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक चलने वाले आयुष्मान भव: कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि 17 सितम्बर को प्रदेश के 74 स्थानों अर्थात राज्य की प्रत्येक विधानसभा तथा 4 मेडिकल कॉलेजों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक राज्य की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 जगह रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा जिसमें सम्बन्धित क्षेत्र के विधायक मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में 2 लाख लोगों के रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि 50 बार ब्लड डोनेट कर चुके व्यक्तियों को एम्बेस्डर बनाया जायेगा। इस दौरान राज्य में 38 लाख लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार का राशन कार्ड होगा, उसका आयुष्मान कार्ड बनवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जो गांव या शहरी वार्ड आयुष्मान कार्ड से शप्रतिशत कवर हो जायेंगे, उन्हें आयुष्मान गांव एवं वार्ड घोषित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 1.20 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 55 लाख लोगों की आभा कार्ड बन चुके हैं, शेष व्यक्तियों के आभा कार्ड बनवाने का भी कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को वृद्ध कार्यक्रम आयोजित कर, कार्ड वितरित कराये जायेंगे और स्वच्छता अभियान भी चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम सभा में व्यक्तियों के नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्पों का आयोजन किया जायेगा जिसमें खून की जांच, 10 प्रकार के गैर संचारी रोग, टीबी आदि की जांच की जायेगी। उन्होंने बताया कि कैंसर का फ्री ईलाज कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर आयुष्मान योजना में शामिल होस्पीटलों को 50 प्रतिशत धनराशि एडवांस दी जायेगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजनान्तर्गत बिलों पर मरीज के हस्ताक्षर के बाद ही भुगतान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही विधानसभा स्तर पर रोगी कल्याण समितियों का गठन किया जायेगा, जिसमें सम्बन्धित क्षेत्र के विधायक अध्यक्ष होंगे। बैठक के पश्चात डॉ.रावत ने हंस फाउण्डेशन द्वारा उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर गन्तव्य के लिए रवाना किया। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, जसपुर विधायक आदेश सिंह चौहान तथा मेयर रामपाल सिंह द्वारा विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। डॉ.रावत ने किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, जसपुर विधायक आदेश सिंह चौहान तथा मेयर रामपाल सिंह, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, मुख्य चिकित्साधिकारी यूएस नगर डॉ. मनोज शर्मा, सीएमओ नैनीताल डॉ. भागीरथी जोशी सहित बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, पुष्कर काला, गुरविन्दर सिंह चण्डोक के अलावा सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सभासद ने आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित किया टीएचआर

सितारगंज(उद संवाददाता)। सभासद रवि रस्तोगी ने बाल विकास परियोजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी कार्यकतियों एवं सहायिकाओं के साथ गर्भवती, धात्री महिला व केंद्र में नामांकित कुपोषित व अति कुपोषित बच्चो को राशन वितरीत किया। जिसमें केंद्र संख्या 1 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मुन्नी ओली, केंद्र संख्या 2 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मीना नगदली, केंद्र संख्या 3 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती गंगा सनवाल केंद्र संख्या 4 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ती धाना देवी सहित वार्ड नंबर पांच के सभी संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में 45 गर्भवती एवं धात्री महिलाएं , तीन से सात बर्ष के 140 बच्चो को राशन वितरण किया गया। इस मौके पर आंगनवाड़ी सहायिका फरीन, ध्यान्वती, मिथिलेश, नगमा, शबाना, नीलम, शीतल, जमीर आदि मौजूद रहे ।



# उपेक्षित व अकेले वृद्धजनों की मदद के लिए जागरूकता अभियान शुरू: पाठक

## जनपद के सभी शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जायेगा अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज में परिवार से उपेक्षित तथा परिजनों की अनुपस्थिति में घर में अकेले रह रहे वृद्धजनों के लिए आज से आगामी 30 सितम्बर तक विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। उत्तरांचल दर्पण से बातचीत करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन सचिन कुमार पाठक ने कहा कि गत एक सितम्बर से प्रारम्भ किया गया सड़क सुरक्षा अभियान आज सम्पन्न हो गया। अभियान के दौरान सौ से भी अधिक स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता के साथ ही विभिन्न स्कूलो के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रमीण क्षेत्रों में भी शिविरों का आयोजन कर लोगों को इस सन्दर्भ में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कोई भी वाहन चलाने के दौरान यदि यातायात नियमों को पूरी तरह से पालन किया जाये तो मार्ग दुर्घटनाओं



पर स्वत: ही काफी हद तक अंकुश लग सकता है। श्री पाठक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आज 16 सितम्बर से आगामी 30 सितम्बर तक समाज के उपेक्षित एवं परिवार में अकेले रह रहे वृद्धजनों के लिए अभियान शुरू किया गया है। जिसमें पुलिस, पीएलवी व अन्य माध्यमों से ऐसे वृद्धजनों को चिन्हित किया जायेगा। उन्होंने बताया अभियान के दौरान वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, उनके आवास में काम करने वाले नौकरों का सत्यापन करने, उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने सहित उन्हें हर समय मदद करने का भरोसा दिया जायेगा। श्री पाठक ने बताया कि जनपद के सभी शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सम्बधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। इस दौरान डीएलएसए कार्यालय के आमोद पाण्डेय, संतोष सिंह कनवाल व दीप्ति राजपूत भी मौजूद थे।

# अभियान चलाकर दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश के अनुपालन में राजकीय इण्टर कालेज फौजी मटकोटा में सडक सुरक्षा अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता रमेश चन्द्र शर्मा द्वारा सडक सुरक्षा और मोटर वाहन अधिनियमों की जानकारी दी गयी तथा बताया गया कि भारत वर्ष में आकड़ों के अनुसार प्रत्येक 3 मिनट में दुर्घटना से एक मृत्यु होती है। विकसित देशों के मुकाबले भारत में 3 गुना सडक दुर्घटना होती है। जिसका कारण यातायात नियमों का पालन नहीं करना है। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय यातायात के कुछ सामान्य नियमों का पालन करने से हम हमेशा सुरक्षित रह सकते है। साईन बोर्ड, सिगनल, सीट बैल्ट व हैल्मेट का प्रयोग करें, शराब के नशे में वाहन नहीं चलानी चाहिए, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग नही करना चाहिए. वाहन चालक को आगे चल रहे वाहन से दूरी बनाये रखना चाहिए तथा दाये व बाये जाते समय इन्डीगेटर जरूर दें। अचानक ब्रेक न लगायें। उन्होंने बताया कि मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत नाबालिग को वाहन चलाने पर वाहन का रजिस्ट्रेशन निरस्त किया जा सकता है और 25 हजार रुपए का जुर्माना और नाबालिग के उपर किशोर न्याय बोर्ड में मुकदमा भी चलाया जा सकता है। ऐसे नाबालिग का ड्राईविंग लाइसेन्स 25 वर्ष आयु के पश्चात् ही जारी होगा। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरूण कुमार सिंह, अध्यापक रतन सिंह कुशवाहा, भारती भारद्वाज, हर्षिता भट्ट, महेश काण्डपाल, देवेन्द्र बरगली, चन्द्र प्रकाश पाण्डे, मोती प्रशाद शाहू, अजय कुमार चौधरी, श्रीमती भावना देवी, विमल मेहरा, ललित कुमार आदि अध्यापकगण, पीएलवी शालिनी गुप्ता, सुनील शर्मा, राधेश्याम, चन्द्रबली, अनीता, तथा विद्यालय के समस्त विद्यार्थी तथा स्टाफ आदि उपस्थित थे।



# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

काशीपुर(उद संवाददाता)। डी बाली ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती उर्वशी दत्त बाली ने यहां रामनगर रोड स्थित ग्राम बसई में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर मनाया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों को मिठाई और और केक खिलाया गया एवं उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।आज दिव्यांग बच्चों के स्कूल में पहुंची डी-बाली ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती उर्वशी दत्त बाली, मुद्रा बाली आदि ने मिलकर बच्चों के साथ मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर केक काटा और मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए प्रदेश की खुशहाली की भी प्रार्थना की और बच्चों में केक और मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर स्कूल में मौजूद करीब 40 बच्चों का फिजिशियन आदि ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप रावत सहित पूरे विद्यालय परिवार ने इस सुंदर आयोजन के लिए डी -बाली ग्रुप का आभार व्यक्त किया। वही केक और मिठाई खाते बच्चों के चेहरे पर अलग ही मुस्कान थी। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।विद्यालय परिवार की ओर से रेखा गीता प्रभा अक्षय दिनेश संजीव दीपक सचिन रवि मयंक नेहा रोहित यामिनी सपना प्रियंका ममता मीनाक्षी शैलेंद्र रामप्रसाद आदि भी मौजूद रहे।



# 48 दीप जलाकर मनाया सीएम धामी का जन्म दिन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 48वें में जन्मदिन के अवसर पर रम्पुरा में कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली, नामित पार्षद राजकुमार कोली के नेतृत्व में कोली समाज के लोगों ने दुर्गा मंदिर में 48 दीप प्रज्वलित कर मां दुर्गा से मुख्यमंत्री के दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक समाज से भी शैलेंद्र कोली ने कहा मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में युवाओं और हर वर्ग के हितों को ध्यान रखते हुए कठोर कानून बनाने से उत्तराखंड को भारत में एक अनोखी पहचान मिली है। कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मत राम कोली कहा कि दिव्यांगों महिलाओं बुजुर्गों, युवाओं के लिए माननीय मुख्यमंत्री ने अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करने से सर्व समाज को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है जिससे आम जनमानस को राहत पहुंची है। इस नामित पार्षद राजकुमार कोली ने कहा कि जब से पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री बने हैं तभी से उत्तराखंड में विकास कार्य हो रहे हैं जिससे पूरा प्रदेश विकास के नए आयाम छू रहा है। इस मौके पर दिव्यांग समिति के जिला उपाध्यक्ष दिनेश कोली, नाथूलाल कोली,मेवाराम कोली, विनोद कोली,दिनेश कोली,राजू कोली ,ओमकार कोली,विक्की कोली सोहनलाल,सुखदेव कोली,गिरिराज कोली अमर देवी, यादराम कोली, भिखारी लाल, वीरू कोली, रामपाल कोली, रामकोली, राजू कोली, करण कोली जगदीश कोली, नवरात्रम, खेमकरण, चंद्र लाल, दिवाकर कोली, कृष्णा कोली, दीनदयाल, रामपाल कोली अतुल कुमार, कृष्णा कोली, अमित कुमार, सोनू लाल,विजय कोली सहित दर्जनों लोग मंदिर प्रांगण में उपस्थित थे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# हिंदी दिवस पर कविता पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा कान्फ्रेंस हॉल में बड़ी धूम-धाम से हिन्दी दिवस मनाया गया। जिसमें कविता पोस्टर प्रतियोगिता व काव्य पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया। कविता पोस्टर प्रतियोगिता में डौली गढ़िया बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान, अस्मिता कुमारी बीए प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान व मोहित बीए तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन हिन्दी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. निर्मला जोशी द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के पश्चात् हिन्दी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीसी पंत द्वारा सभी छात्र - छात्राओं को हिन्दी दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए अपने उदबोधन में हिन्दी के महत्व पर जानकारी दी गई। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शभूदत्त पाण्डे, डॉ. निर्मला जोशी, डा. विवेकानंद पाठक, डा. रूमा शाह, प्रो. सर्वजीत और प्रो. हेमलता सैनी ने हिन्दी भाषा के संबंध में विचार प्रस्तुत किये। अंत में विभाग प्रभारी प्रो. शम्भूदत्त पाण्डे द्वारा वैश्विक स्तर पर हिन्दी की स्थिति पर प्रकाश डालते हुये सभी का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर प्रो. आशा राणा, प्रो. मनोज पाण्डे, डा. पूनम शाह, प्रो. राजेश सिंह, डॉ. प्रद्युम्न रिछारिया, राजेश कुमार, डॉ. विकार हसन खाँ, डॉ. प्रदीप गंगवार, डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा, डॉ. बामेश्वर सिन्हा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. पुष्कर काण्डपाल व महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक व महाविद्यालय के पदाधिकारी व समस्त छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।



# राज्यपाल ने श्रमिकों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि)ने शुक्रवार को राजभवन गृहस्थ अधिष्ठान और उद्यान में कार्यरत दैनिक श्रमिकों को पुरस्कृत किया। राज्यपाल ने उद्यान कर्मियों के अथक परिश्रम, लगन और कौशल की प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन उद्यान के विकास में यहां कार्यरत उद्यान कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं राजभवन में आने वाले विशिष्ट अभ्यागतों के आतिथ्य एवं सत्कार आदि में गृहस्थ अधिष्ठान की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसका निर्वहन वे पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। उन्होंने सभी को सदैव इसी भावना से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।



# सचखंड वासी महापुरुषों की मीठी याद में श्रद्धालुओं ने दी श्रद्धांजलि

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सचखंड वासी महापुरुषों की सालाना बरसीं पर धार्मिक डेरा कर सेवा में संगत के सहयोग से 121 श्री अखंड पाठ साहिब की लड़ियों का भोग डाला गया। महपुरुषों की मीठी याद को मानते हुए गुरमत समागम का आयोजन किया गया। गुरमत समागम महापुरुषों की जीवनी में प्रकाश डालते हुए सिंह साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी गुरबचन सिंह ने कहा है कि महापुरुषों ने सेवा करते हुए अपना सारा जीवन सेवा आपण कर दिया। दरबार साहिब में शीश नवाने व सेवा करने से मनुष्य के रोग दूर होते हैं। सजे दीवान में प्रसिद्ध रागी जत्थों ने संगत को निहाल किया। संत महापुरुषों के के बताए मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। भाजपा के राष्ट्रीय सचिन मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि अपनी कमजोरी के लिए दूसरे को दोष नहीं देना चाहिए। धार्मिक डेरा कर सेवा में गुरु का टूट लंगर बताया गया। बड़ी संख्या में संगत ने समागम में भाग लिया। संगत ने बाबा बचन, सिंह बाबा तरसेम सिंह से आशीर्वाद भी लिया। गुरमत समागम में राजनैतिक धार्मिक व सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। पंथ रत्न बाबा हरबंस सिंह बाबा फोजा सिंह बाबा टहल सिंह चेरीटेबल अस्पताल की ओर धार्मिक डेरा कर सेवा में धार्मिक समागम में निशुल्क दवाइयां का कैंप लगाया गया और जांच भी की गई। से सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात की गई। धार्मिक डेरा कर सेवा की ओर से सभी अतिथियों को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। मंच का संचालन भाई अजीत पाल सिंह ने किया। इस मौके सिंह साहिब ज्ञानी सुल्तान सिंह, बाबा तरसेम सिंह, बाबा सुरेंद्र सिंह, बाबा श्याम सिंह, बाबा गेजा सिंह बाबा रेशम सिंह, बाबा गुरजंट सिंह, गुरवंत सिंह सोनी, सुखवंत सिंह पन्नू हरभजन सिंह अमरजीत सिंह, दिलबाग सिंह बलजीत सिंह आदि संगत मौजूद थीं।





# कैबिनेट मंत्री को सरोपा भेंट कर किया सम्मानित

नानकमत्ता।धार्मिक डेरा कर सेवा में महापुरुषों की सालाना बरसीं पर उत्तराखंड सरकार में शिक्षा विभाग चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धन सिंह रावत ने भी शिरकत की। संगत को संबोधित करते हुए कहा है कि संतों ने अपना जीवन लोगों की सेवा में समर्पित किया है। उनकी याद को कभी भुलाया नहीं जा सकता। साथ महापुरुषों को शत-शत नमन किया। धार्मिक डेरा कर सेवा की ओर से उन्हें सरोपा भेंट सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद बलराज पासी, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश संगठन मंत्री अजय कुमार, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, राजपाल सिंह आदि मौजूद थे।

# वैश्य महासभा धूमधाम से आयोजित करेगा गणेश महोत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महासभा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से करने जा रही है। वैश्य महासभा के अध्यक्ष आलोक शारदा और महामंत्री भवानी शंकर नीरज ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 19 सितंबर दिन मंगलवार को रामलीला ग्राउंड में श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापना से होगी।तत्पश्चात 19 से 24 सितंबर तक रोजाना सायं सांस्कृतिक कार्यक्रम, आरती एवं प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने बताया कि 20 से 25 सितंबर प्रात: 8 बजे प्रतिदिन आरती की जाएगी। 21 सितंबर गुरुवार को 3 से 9 वर्ष की आयु के बच्चों का फैंसी ड्रेस का कार्यक्रम होगा। 22 सितंबर को वैश्य समाज के बच्चों का प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम होगा। 23 सितंबर को गणेश महोत्सव का मुख्य आकर्षण दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता की जाएगी। जिसमें प्रतिष्ठित संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की जाएगी। 23 सितंबर दिन शनिवार की सायं प्रसिद्ध भजन गायक ध्रुव शर्मा व स्वर्ण श्री द्वारा भव्य भजन संध्या का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर को छप्पन भोग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न परिवारों से अलग-अलग प्रकार के भोग भगवान गणेश जी को चढ़ाए जाते हैं। 24 सितंबर को दोपहर 12 बजे से स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता होगी। अध्यक्ष आलोक शारदा ने बताया की गणेश महोत्सव में नगर व उसके आसपास की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थाओं के बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। वैश्य महासभा ऐसे बच्चों को एक मंच भी प्रदान करता है और उनका मनोबल बढ़ाती है।महामंत्री भवानी शंकर नीरज ने बताया कि 25 सितंबर को हवन पूजन और भंडारे की पश्चात एक भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन रानी बाग में किया जाएगा। वैश्य महासभा अधिक से अधिक लोगों से श्री गणेश महोत्सव में भागीदारी कर गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह करती है। प्रेस वार्ता में देवेंद्र केसरवानी, भगवान सहाय अग्रवाल, सुरेश केसरवानी, युवा वैश्य सभा अध्यक्ष उमेश गुप्ता, वैश्य महिला समिति अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, मीडिया प्रभारी विपुल अग्रवाल, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरी आदि उपस्थित थे।




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर गोष्ठी आयोजित

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस'पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित, और उसके उपरांत अतिथियों का बैज अलंकरण से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार पाठक ने छात्र-छात्राओं को बहुत विस्तार से लोकतंत्र, राजतंत्र और लोकतंत्र में अंतर, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और न्यायव्यवस्था के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की शक्ति संविधान में निहित होती है अत: देश में संविधान ही सर्वोच्च शक्ति है। अपनी विशेषताओं के कारण ही विद्वानों का मानना है कि भारत का संविधान विश्व का सर्वोत्तम संविधान है। किसी देश का लोकतंत्र संविधान के कारण और संविधान लोकतंत्र के कारण प्रभावी होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रभारी प्राचार्या प्रो. रीता सचान ने लोकतंत्र, चुनाव और मत पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि लोकतंत्र के विकास में कर्तव्य और अधिकार की बड़ी भूमिका होती है। कार्यक्रम में अंकित, राखी, निशा और मेघा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर 'अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की लता प्रथम, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की नेहा द्वितीय और बी.ए. तृतीय वर्ष की निशा तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. अनिल सैनी थे। कार्यक्रम में डॉ. अतुल उप्रेती, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. मनुहार आर्य, कुलदीप कुमार, डॉ. खेमकरण सोमन, डॉ. सूरजपाल, डॉ. विकास रंजन, डॉ. पूजा रानी, डॉ. वंदना, डॉ. अतीश वर्मा, डॉ. ललित कुमार, डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ. आदर्श चौधरी, डॉ. प्रदीप दुर्गापाल श्री संजय बिष्ट, हितेंद्र शर्मा और कैलाश उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के रोहित कुमार ने किया।



# दशहरा समिति अधिकतम दस पुतलों का करायेगी पंजीकरण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उपजिला मजिस्ट्रेट जयवर्धन शर्मा ने बताया कि दशहरा महोत्सव -2023 के सफल आयोजन की बैठक में 24 अक्टूबर को दशहरा पर्व के दृष्टिगत अधिकतम 10 पुतले दहन हेतु अनुमन्य किये गये है इसके लिए दशहरा समिति अधिकतम 10 पुतलों का पंजीकरण करायेगी। पुतले दहन हेतु एस0एस0जे0 विश्वविद्यालय में स्थित जूलॉजी मैदान अथवा सिमकनी मैदान का विकल्प उपलब्ध रहेगा इसके लिए शीघ्र ही प्रशासन, पुलिस, फायर, नगरपालिका व दशहरा समिति के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी निर्मित पुतलों की अधिकतम ऊँचाई मय गाड़ी/ट्राली सहित 14 फिट निर्धारित की गयी है, 14 फिट से ऊपर के पुतलों का पुतला समिति पंजीकरण नहीं करवायेगी। पुलिस द्वारा दशहरा पर्व के दौरान शान्ति व्यवस्था प्रभावित करने एवं मद्यपान कर कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# काशीपुर में सीएम धामी के जन्मदिन की धूम

## युवा संकल्प दौड़, नशा मुक्ति पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के साथ ही आयोजित जसपुर, बाजपुर व महुआखेड़ा गंज में भी धूमधाम से मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा काशीपुर में युवा संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया और साथ ही नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता और प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के भी संकल्प लिए। इस मौके पर अपने उद्बोधन में संगठनात्मक जनपद काशीपुर के भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने सीएम धामी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड आज विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई शहरों को स्मार्ट सिटी में तब्दील करने की सरकार की मंशा है। इसके अलावा चिकित्सा शिक्षा एवं परिवहन के क्षेत्र में भी सरकार तमाम ऐसी योजनाओं को धरातल पर लाने की जुगत में है जिससे आम जनमानस को राहत मिलेगी। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने यह अभी कहा की वर्ष 2025 तक अपना उत्तराखंड समूचे देश के मानचित्र पर विकास कार्यों को लेकर अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि 2024 के संसदीय चुनाव में भाजपा एक बार फिर से रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराकर देश की सत्ता पर काबिज होने वाली है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, दीपक बाली, विनीत चौधरी, राहुल पैगिया, मोहन बिष्ट, अमित सिंह, सरब जीत सिंह, रजत सिद्धू आदि पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी तादात में स्थानीय गणमान्य भी मौजूद रहे। उधर दूसरी ओर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन मनाने को लेकर औद्योगिक स्थान महुआखेड़ा गंज बाजपुर व जसपुर में भी कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखा गया। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के मार्गदर्शन में बाजपुर व जसपुर में भी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौध रोपण रक्तदान कार्यक्रमों का आयोजन कर सीएम धामी के दीर्घायु की कामना की।





## शिक्षा मंत्री ने डिग्री कॉलेज के लिए चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। शिक्षा मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज की भूमि चयनित हेतु स्थलीय निरीक्षण किया। शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धन सिंह रावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम सुनखरी मैं महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज की भूमि चयनित हेतु स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा है कि 5 एकड़ जमीन जल्द ही डिग्री कॉलेज के नाम हो जाएगी। 10 करोड़ की अग्रिम धनराशि भी स्वीकृत करने के निर्देश दिए। शेष



जो भी धनराशि निर्माण कार्य में लगेगी उसके लिए वह और धनराशि अवमुक्त कर दी जाएगी। भूमिका हस्तांतरण होते ही निर्माण करण प्रारंभ हो जाएगा। एक आदर्श आदर्श डिग्री कॉलेज बनाने की घोषणा की है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, किसानों के दर्जा राज्य मंत्री राजपाल सिंह, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह कला, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, समाज सेवी उमेश अग्रवाल, गौरव वर्मा, ओम नारायण राणा, ध्रुव सिंह राणा आदि तहसीलदार, कानूनगो आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वार्ड 40 में विनोद कुमार बने कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने वार्ड 40 सिडकुल क्षेत्र की इकाई का गठन करते हुए विनोद कुमार को वार्ड अध्यक्ष पद की कमान सौंपी है। कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने विनोद कुमार को मनोनयन पत्र सौंपकर उन्हें बधाई दी। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसियों ने विनोद कुमार का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि कांग्रेस आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। जिले भर में इकाईयों का गठन तेजी से किया जा रहा है। निकाय चुनाव की तैयारी के लिए नगर एवं पंचायत स्तर पर भी संगठनको मजबूती से खड़ा किया जा रहा है। श्री गावा ने कहा कि भाजपा को सबक सिखाने के लिए जनता इस बार तैयारी बैठी है। कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की नाकामियों का लगातार प्रचार करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर चुनाव की तैयारियों में जी जान से जुटने का आहवान किया। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि भाजपा से जनता का मोह भंग हो चुका है अब जनता कांग्रेस की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। श्री शर्मा ने कहा कि निकाय चुनाव के मद्देनजर वार्ड इकाईयों के गठन का सिलसिला लगातार जारी है। अधिकांश वार्डों में गठन हो चुका है कुछ बचे हुए वार्डों का भी शीध्र गठन कर पीसीसी को सूची सौंपी जायेगी। श्री शर्मा ने कहा कि मटकोटा फार्म निवासी विनोद कुमार कांग्रेस के जमीन से जुड़े हुए कर्मठ कार्यकर्ता हैं उनके वार्ड अध्यक्ष बनने से वार्ड में पार्टी संगठन मजबूत होगा और आगामी निकाय चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कर्मठ जुझारू कार्यकर्ताओं को पार्टी में पूरा सम्मान दिया जायेगा। वहीं नवमनोनीत वार्ड अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उस पर पूरी निष्ठा से काम करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर वार्ड में कांग्रेस को मजबूत करेंगे ओर आगामी निकाय चुनाव में वार्ड में कांग्रेस का परचम लहरायेंगे। इस अवसर पर पार्षद मोहन खेड़ा, महानगर उपाध्यक्ष सतीश कुमार, महामंत्री सुनील आर्य, अर्जुन विश्वास आदि भी मौजूद थे।








## नगर पालिका ने शुरू किया जनजागरूकता अभियान

गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर पालिका द्वारा 15 सितंबर से अक्टूबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर बोलते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस ने कहा कि नगर पालिका डेंगू की रोकथाम को लेकर गंभीर है। साथ ही पॉलिथीन प्रबंध को भी गंभीर है जिसको लेकर नगर पालिका गदरपुर द्वारा विशेष जन जागरूकता रैली का आयोजन गदरपुर के नगर पालिका कार्यालय से गुल्लू बोर्ड तक चलाया गया इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है वहीं इस मौके पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर में बरसात से कई जगह पर बरसात का पानी भरा हुआ है जिसको जल्द ही निकल जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष गुलाम गौस अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा मुकेश भंडारी, विजेंद्र कुमार, जयपाल शर्मा, अशोक कुमार बंगा, मुकेश कुमार, दीपेश जोशी अरुण, अमित, उद्देश, संजीव, रंजीत, अजय, राजकुमार, नन्हे राजेंद्र, राहुल, रति, दया जोशी, प्रभा, माया आदि लोग उपस्थित थे।



## सीएम धामी के जन्मदिन पर ट्राई साईकिल व राशन किट वितरित

बाजपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन दीदी संकल्प सेवा समिति व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी द्वारा सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने जोगिंदर, हेमराज, सुरेश को ट्राई साइकिल व 18 निर्धन महिलाओं को राशन की किट वितरित की। इस मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री के जन्मदिन को समस्त मातृ शक्ति के द्वारा पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। उनके लिए मंदिरों में पूजा अर्चना कर लंबी आयु की प्रार्थना की जाएगी। इस मौके पर नोडल अधिकारी डीडीआरसी सतीश कुमार चौहान ने समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम के बारे में सभी को जागरूक किया। इस मौके पर मीनाक्षी चौहान, बिट्टू चौहान, विकास गुप्ता, बबली, निशा, उर्मिला, उमेश, सुधांशु, विमला आदि महिलाएं उपस्थित रही। अंत में केक काटकर पुष्कर सिंह धामी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



## धूमधाम से मनाया महिला कांग्रेस का स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के स्थापना दिवस के अवसर पर उधम सिंह नगर रुद्रपुर में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में भी अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने महिला कांग्रेस का ध्वज फहराया। वहीं महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रतिज्ञा उज्जवल भारत की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में महिला बिल को पास करने संबंधी प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई। यहां कार्यक्रम में महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, प्रदेश सचिव सपना गिल, सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका पार्षद मालती मौर्या, मंजू जैन, पूनम गुप्ता, बकुल साना, नेहा राय, राजकुमारी रस्तोगी, जुबैदा बेगम, प्रियंका, रानी रस्तोगी, सावित्री यादव, विजय व, नीतू रस्तोगी, गीता सरकार, सुनीता, कमलेश कुमारी, मेसर, सुनीता रानी, सोनू शर्मा, पुष्पा रानी, सरला, कुसुम यादव, दीपा, जमुना, जानकी गंगवार, लता, सहित बड़ी संख्या में अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थी।




Happy Birthday
जन जन के प्रिय देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं
उत्तराखण्ड के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
अभिषेक वर्मा
महामंत्री,भाजपा,गदरपुर
एवं पूर्व अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा,भाजपा,गदरपुर
मुनि भुसरी
मण्डल अध्यक्ष,भाजयुमो,गदरपुर
एवं युवा समाजसेवी,गदरपुर

# सीएम धामी के जन्म दिन पर किया हवन यज्ञ

किच्छा( उद संवाददाता)। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह के नेतृत्व मे किच्छा शुगर फैक्ट्री प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस पर विशाल हवन यज्ञ किया गया तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की लंबी आयु की कामना की गई। हवन यज्ञ के उपरांत भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया तथा मरीजों का हाल-चाल पूछा। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड में विकास की अलख जगाई हुई है ।उनके नेतृत्व में प्रदेश विकास कर रहा है उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए भी वे लगातार प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी जी से संपर्क बनाए हुए हैं ।आज उनका जन्म दिवस मनाया जा रहा है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडी समिति के अध्यक्ष कमलेंद्र सेमवाल, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष धरेंद्र प्रताप सिंह, विशाल चौहान, राजेश चौहान, नंदन राठौर, महिपाल, वीरेंद्र यादव, राजेश कश्यप, चंद्र मोहन, जयपाल, विजयपाल, अजय, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना,दीपक पाठक,अभिषेक सक्सेना, सुजाहत यार खान, मनिंदर सिंह मन्नू, नंदन राठौर आदि लोग उपस्थित थे।





# पीएसी से रेलिंग चोरी कर ले जाते दो दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 46 वाहिनी पीएसी परिसर की चाहरदीवारी से रेलिंग तोड़ चोरी कर ले जाते दो चोरों को पुलिस कर्मियों ने मौके पर दबोचकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। हे कानि. मदन लाल ने दर्ज कराई रपट में कहा है कि वह 46 वी वाहिनी पीएसी मे ड्यूटीरत था। उसे सूचना मिली कि रेलवे पटरी शान्तिविहार के पास दो चोर पीएसी की बाउण्ड्री की लोहे की रैलिंग चोरी कर रहे हैं । सूचना मिलने पर वह हेकानि. हरीश सांगा, दीपक कुमार के साथ मौके पर चहुंचा। जहां देखा तो चोर पीएसी की बाउण्ड्री वाल की लोहे की रैलिंग को उखाड़ रहे थे। दोनो लोहो की ग्रिल को उखाड़कर पास खड़े टुक-टुक मे चढ़ाने लग। पुलिस को देखकर जब वह भागने लगे तो पीछाकर उन्हें पकड़ लिया। उन्होंने अपना नाम पता जिशान खान पुत्र अच्छन खान निवासी इन्द्रा कालोनी, गली 2 तथा विरेन्द्र मण्डल पुत्र सुशील निवासी आदर्श इन्द्रा बंगाली कालौनी, बताया। जिशान ने बताया कि यह टुकटुक उसका हैं इसी में लोड कर ले जाने वाले थे और इसे कबाड़ी को बेच देते। नशे की लत पूरा करने के लिए लोहा चोरी कर कबाड़ी को बेच देते हैं और जो भी रुपए मिलते है नशे में खर्च कर देते हैं। पीएसी कर्मचारियो ने दोनो के कब्जे से चोरी की गई लोहे की रैलिंग व टुकटुक संख्या 06 ईआर 4898 कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों चोरों को सामान सहित गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# डीएम ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जनपद की सड़कों, पेयजल योजनाओं एवं अन्य विकास कार्यों के लिए होने वाली वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया के संबंध में कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने सभी कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वनभूमि हस्तांतरण संबंधी प्रकरण को अपने पास लंबित न रखें बल्कि प्रकरणों को अपने स्तर से निस्तारित करते हुए अग्रिम स्तर पर प्रेषित कर दिए जाएं जिससे कि विकास कार्यों में गति लाई जा सके। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को भी निर्देशित किया कि उनके पास जो भी प्रकरण विभागों से आते हैं, उनका त्वरित निस्तारण किया कर। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण करने वाले संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वन भूमि हस्तांतरण में जो भी प्रक्रियाएं होनी हैं, उन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कर लिया जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसयाई, जल निगम, जल संस्थान के अधिशाषी अभियंताओं तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त प्रक्रिया में दस्तावेजों के सही प्रारूप में ऑनलाइन करने समेत अन्य सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए कार्यों की स्वीकृति प्राप्त करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में जो भूमि वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त है, उसके नामांतरण हेतु अग्रिम कार्यवाही करनी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां संयुक्त निरीक्षण किया जाना है, वहां जल्द से जल्द संयुक्त निरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जिन कार्यों में विवाद उत्पन्न हो रहें हैं, उन विवादों को निस्तारित करते हुए कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित कार्य हेतु जितनी भूमि उन्हें दी गई है तथा उपयोग के इतर यदि भूमि अवशेष रहती है, तो इस भूमि को हस्तांतरित करने की कार्यवाही की जाए।



# अब सहायक अध्यापिका हुई दहेज उत्पीड़न की शिकार

## दस लाख नगदी एवं कार की डिमांड पूरी न होने पर लोभी पति ने कर लिया किनारा

काशीपुर( उद संवाददाता)। दहेज में दस लाख रूपयो की नगदी तथा कार न मिलने पर लोभी ससुरालियों ने एक और विवाहिता को धक्के मारकर घर से बेघर कर दिया। पुलिस में दहेज उत्पीड़न के उक्त मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति को गंभीर धाराओं में नामजद करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर तुमकदी रोड, सेवरही जनपद कुशीनगर उत्तर प्रदेश निवासी सीमा ने बताया कि वह प्राथमिक विद्यालय साहबगंज, सेवरही, कुशीनगर में सहायक अध्यापिका के रूप में कार्यरत है। वर्ष 2013 में उसकी सगाई पर्वत कुंज कॉलोनी कुंडेश्वरी निवासी मुकेश पुत्र कृष्ण मोहन के साथ हुई। आरोप है कि सगाई के बाद ससुराल पक्ष में 10 लाख रूपयो की नगदी तथा कार के लिए दबाव बनाना शुरू किया। इज्जत बचाने के लिए कन्या पक्ष ने किसी तरह से इंतजाम करके डिमांड पूरी कर दी। वर्ष 2014 में दोनों की शादी हो गई। आरोप है कि शादी के कुछ दिन ठीक-ठाक बीते लेकिन इसके बाद पति द्वारा पत्नी को प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2016 में उसका पति अल्जीरिया चला गया। वह हर 6 महीने पर घर आता था। उसके आने से तीन-चार दिन पहले पीड़िता को सूचना दी जाती थी। पीड़िता ने अपने ससुराल वालों से कई बार कहा कि पति के आने की सूचना पहले दी जाए तो उसे छुट्टी मिल जाएगी लेकिन धीरे-धीरे पति के आने की सूचना देना भी बंद कर दिया गया। इस दौरान पति ने फोन पर पत्नी को घर आने पर पिटाई की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि उसके पति ने अलग-अलग महिलाओं के साथ आपत्तिजनक तस्वीरें भी उसे दिखाई। मुकेश की मां तथा बहनों ने इस बात की पुष्टि किया कि शादी के पहले से उर्मिला सिंह नामक एक महिला से अवैध संबंधों की पुष्टि की। इसी तरह पीड़िता को पूजा पाठक नामक एक अन्य महिला द्वारा भी फोन पर धमकाने का क्रम शुरू हुआ। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके एक बच्चा है लेकिन पति उसे अपना मानने को तैयार नहीं है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके चरित्र पर ससुराल वाले लगातार उंगली उठा रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते 2 फरवरी को एक बार फिर से पति के काशीपुर आने की सूचना प्राप्त हुई लेकिन मिलने की इच्छा व्यक्त करने पर दूसरी ओर से पत्नी फोन पर गाली गलौज करते हुए फोन काट दिया। वीरता का कहना है कि उसने पूर्व में एक बार काशीपुर तथा कोटा में भी पति के खिलाफ कार्यवाही को लेकर तहरीर पुलिस को सौंपी थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 15 सितंबर को उसका पति वापस अल्जीरिया जाने की तैयारी में है इससे पूर्व उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न के आप में कानूनी कार्यवाही की जाए।

# एडीओ पंचायत के खिलाफ जांच टीम पहुंची ब्लॉक कार्यालय

गदरपुर( उद संवाददाता)। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष द्वारा विकास खंड गदरपुर में कार्यरत एडीओ पंचायत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को एक पत्र भेजा गया था। शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा मामले की गंभीरता को लेते हुए जांच अधिकारी को ब्लाक में भेजा तो इसकी सूचना पर कुछ ग्राम प्रधान विकास खंड कार्यालय पहंच गये और उन्होंने प्रधान संघ अध्यक्ष द्वारा लगाये गये आरोपों को निराधार एवं भेजे गये पत्र पर कुछ ग्राम प्रधानों के किये गये हस्ताक्षरों को फर्जी बताया। इससे अब दोनों संगठनों का आपसी विरोध खुलकर सामने आ गया है। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्षा कंवलजीत कौर के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विकास खंड कार्यालय में कार्यरत एडीओ पंचायत राजपाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उनका स्थानान्तरण किये जाने की मांग की थी। उन्होंने भेजे गए पत्र में कहा था की एडीओ पंचायत राजपाल सिंह चौहान विकास खंड में सात वर्षो से कार्यरत है। उनके द्वारा ग्राम प्रधानों का उत्पीड़न किया जा रहा है । पत्र में कहा गया था इस संबंध में 18 मई 2023 को भी इनकी शिकायत मुख्य विकास अधिकारी एंव जिला पंचायत अधिकारी को की गयी थी। लेकिन इसके बावजूद भी इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गयी। शिकायत के आधार पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी द्वारा शुक्रवार को जिला पशुचिकित्साधिकारी एसबी पांडेय को ब्लाक कार्यालय में जांच के लिए भेजा गया। जब जांच अधिकारी ब्लाक पहंचे तो इसकी सूचना दूसरे ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविन्दर सिंह को मिली तो उनके नेतृत्व में एक दर्जन ग्राम प्रधान ब्लाक पहुंच गये और उन्होंने जांच अधिकारी को एडीओ पंचायत पर लगाये गये आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शिकायत पर जो ग्राम प्रधानों के हस्ताक्षर किये गये है वह भी फर्जी है। इस संबंध में जांच अधिकारी एस बी पांडे का कहना था कि जिन ग्राम प्रधानों द्वारा शिकायत की गई थी उनके बयान दर्ज कर लिए गए हैं उन्होंने कहा जांच जारी है जांच रिपोर्ट पूरी होने के बाद मुख्य विकास अधिकारी को जांच रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। यहां बता दें कि गदरपुर विकास खंड में पहले से ही ग्राम प्रधान संघ के दो संगठन चल रहे हैं। इस जांच को लेकर इनका विरोध खुलकर समाने आ गया है। विरोध करने वाले ग्राम ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, मनोज देवराडी, संजीदा बी, रजनी सैनी, निर्मला रानी, कविता रानी, निशा कंबोज, सुनीता आर्य, तरुन्नाम, मनजीत कौर विमला देवी, फुरकान अली शामिल थे।

# नानकमत्ता अस्पताल में जल्द होगी दो डाक्टरों की तैनाती

नानकमत्ता( उद संवाददाता) प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानकमत्ता का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर दवाइयां की कमी को जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए अस्पताल में दो डॉक्टरों की तैनाती की बात कही है, प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने शुक्रवार को नानकमत्ता के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने मंत्री को अवगत कराया की अस्पताल में चिकित्सक की कमी है, चिकित्सक न होने के चलते अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को मरीजों को खटीमा या हल्द्वानी रेफर किया जाता है, अस्पताल में दवाइयां भी उपलब्ध नहीं है , स्वास्थ्य मंत्री ने उप जिलाधिकारी तुषार सैनी को दवाइयां की कमी को पूरा करने के निर्देश दिए, और उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही अस्पताल में दो डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी, उन्होंने कहा कि मरीजों की स्वास्थ्य सेवा संबंधी सभी कमियों को जल्द दूर किया जाएगा, इस मौके पर एसडीएम तुषार सैनी, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, राजपाल सिंह, स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**धूमधाम से मना मुख्यमंत्री...**निवासियों को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया। श्री चुघ ने सभी का साथ मिलकर मुख्यमंत्री श्री धामी की दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से श्री धामी ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभाला है राज्य तेजी सेविकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब, असहाय, पिछड़े आदि के लिए कई कल्याण कारी योजनाएं भी प्रारम्भ की। जिसका लाभ पात्र लोगों को मिल रहा है। इस दौरान राज कोली, रोहित कोली, अजय मौर्य, रवि पुरी, अनिकेत,रोहित ठाकुर,प्रियांशु कोली,दीपक राणा,अमित गौड़ आदि मौजूद थे। आश्रम के निवासियों ने श्री चुघ का आभार व्यक्त किया।

**बारामूला में दो...**मुताबिक, यहां लश्कर कमांडर उजैर खान, एक अन्य आतंकी के साथ छिपा हुआ है। गोलीबारी में कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनैक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट शहीद हो गए थे।

**अवैध दस दुकानों पर...**फोर्स तैनात रही। शहर में दुकानदारों में खलबली मच गई। कई दुकानदार कार्रवाई से पहले सामान समेटने लगे। दुकानों पर कब्जा मुक्त कराने के लिए जिला पंचायत की ओर से दुकानों पर नोटिस चस्पा कर शुक्रवार तक समय दिया था। दुकानों पर प्रशासन का पीला पंजा चलने से घटनास्थल पर व्यापारियों का हजूम लग गया। प्रशासन को किसी भी विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव पुलिस टीम के साथ तैनात रहे। दुकान स्वामियों ने प्रशासन से दुकान ध्वस्त न करने की गुहार भी लगाई। इस मौके पर जिला पंचायत एएमओ तेज सिंह, ईओ हरिमोहन, मोहन बिष्ट, अनुभव तिवारी, मंगतराम, सुमित खेड़ा सहित विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

**रामनगर में ...**शव की शिनाख्त ग्राम शंकरपुर भूल निवासी 23 वर्षीय रजत बिष्ट के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# धार्मिक पुस्तकों एवं पौधों का निशुल्क वितरण किया

गदरपुर( उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित अमावस के समागम आयोजित किए गए,जिसमें वक्ताओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के संपादन एवं गुरु गद्दी तक के वृतांत तथा गुरु ग्रंथ साहिब में वर्णित विभिन्न जाति धर्म के महापुरुषों की शामिल वाणी का व्याख्यान करते हुए अपने विचार रखें । समागम में हजूरी रागी जत्था भाई हरजीत सिंह, अमरजीत सिंह द्वारा सतनाम श्री वाहेगुरु का जाप करवाने के साथ मनोहर गुरबाणी कीर्तन किया । जिला पटियाला पंजाब से आए ढाढ़ी जत्था सुखेंद्र कौर ने गुरु गोबिंद सिंह द्वारा भाई डल्ला सिंह का घमंड तोड़ने और अमृत छककर गुरु वाले बनाने का भावपूर्ण वर्णन किया । वहीं कविश्री जत्था भाई लखमीर सिंह मस्त द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब जी की विचारधारा का वर्णन करते हुए सभी संगत को गुरु वाले बनने का आह्वान किया । सर्वत्र सुख शांति की अरदास भाई जसवीर सिंह द्वारा करने के उपरांत समागम की समाप्ति एवं गुरु का लंगर अटूट बांटा गया । गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर साहिब के जत्थेदार अनूप सिंह ने संगत को पर्यावरण संरक्षण हेतु सैकड़ो पौधों का वितरण करते हुए वातावरण को सुरक्षित रखने का संगत को आह्वान किया । वही सिख मिशनरी कॉलेज की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंघ और सिख प्रचारक सभा के सतनाम सिंह शोकी द्वारा उपलब्ध कराए गए धार्मिक पुस्तकों के उपहार का वितरण किया गया । जत्थेदार बाबा अनूप सिंह ने बताया कि हर वर्ष हजारों की संख्या में संगत को विभिन्न प्रजाति के फलदार ,छायादार एवं औषधीय पौधों का निशुल्क वितरण किया जाता है उन्होंने कहा गुरुद्वारा साहिब के परिसर में सेवादार हरभजन सिंह के नेतृत्व में उच्च गुणवत्ता के विभिन्न पौधों की नर्सरी तैयार की जाती है जिसे समय-समय पर संगत को निशुल्क उपलब्ध करवा कर वातावरण को सुरक्षित रखने का आवाहन भी किया जाता है। इस दौरान करमजीत सिंह, लखमीर सिंह ,रणजीत सिंह,कुलदीप सिंह, त्रिलोक सिंह, हरभजन सिंह, सुख वंत सिंह,अजीत सिंह, सुरजीत सिंह रागी, नरेंद्र सिंह बलजीत कौर, सुरेंद्र कौर, कमलजीत कौर, सुमन रानी, मेघा आदि मौजूद रहे ।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


Happy Birthday
जन जन के प्रिय देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं
उत्तराखण्ड के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
विकास शर्मा
प्रदेश मंत्री,भाजपा,उत्तराखण्ड
दिपिन सुखीजा
संस्थापक,श्री राम मन्दिर,गदरपुर